महत्वपूर्ण एवं खास

3 खोजी कुत्तों ने 200 से अधिक टिफिन बम-आईईडी बरामद करवाया

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में फोर्स के खोजी कुत्तों की अहम भूमिका होती है। दंतेवाड़ा पुलिस व सीआरपीएफ के विशेष ट्रेनिंग दिए गए 03 खोजी कुत्ते सीजर, शिवा और टोनी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए दिए गए हैं। इसके लिए सीआरपीएफ व पुलिस बल द्वारा एक विशेष दल बनाया गया है, जो बम निरोधक दस्ते के साथ तैयार रहते हैं। जिल में सर्चिंग के दौरान अब तक 200 से ज्यादा टिफिन बम-आईईडी निकालकर उक्त 03 खोजी कुत्तों ने कई जान बचाई है। खोजी कुत्ते के संचालक आरक्षक कामता प्रसाद भारती और तनुज कुमार टोप्पो के अनुसार नक्सलियों द्वारा सुराक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए जगह-जगह आईईडी और स्पाइक होल लगाकर रखते हैं। ऐसे में जमीन में दबे मौत के सामान को ढूंढ कर निकालना जवानों के लिए एक चुनौती भरा काम होता है। इसके लिए सुरक्षा पर तैनात जवान और फोर्स में ट्रेनिंग देकर तैयार किए गए खोजी कुत्तों की अहम भूमिका होती है। इसके लिए फोर्स के खोजी कुत्तों को विशेष ट्रेनिंग दी जाती है। जब भी सर्चिंग अभियान चलाया जाता है, सबसे आगे फ्लाइंग डॉग स्क्वायड की टीम रहती है। ये टीम आगे-आगे सर्चिंग करती चलती है। जिसके पीछे-पीछे जवान निकलते हैं। इन फोर्स के खोजी कुत्तों की बदौलत कई बड़े नक्सली मुठभेड़ को भी अंजाम दिया जा चुका है।

केंद्रीय जनजाति मंत्री मुंडा ने जगदलपुर एयरपोर्ट में किया ट्राईफेड के आउटलेट का शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। केंद्रीय जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज जगदलपुर के मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट में ट्राईफेड के आउटलेट दुकान का शुभारंभ किया। इस आउटलेट में बस्तर के कलाकारों द्वारा निर्मित बेलमेटल कलाकृति, कपड़े, वन उत्पाद को प्रदर्शनी सह-विक्रय के लिए रखा गया है। सांसद बस्तर दीपक बैज ने इस अवसर पर कहा कि एयरपोर्ट में खुले इस आउटलेट से आने वाले आगंतुकों को बस्तर के कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पादों का एक स्थल में मिलने से सहूलियत होगी साथ ही बस्तर की कला का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार होगा। इसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ यहां के कलाकारों को मिलेगा। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सफिरा साहू, ट्राईफेड के प्रबंध निदेशक प्रवीर कृष्ण, बस्तर संभागायुक्त जी.आर. चुरेन्द्र, कलेक्टर रजत बंसल, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। एयरपोर्ट में केन्द्रीय मंत्री मुण्डा का स्वागत कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र के नेतृत्व में प्रशासन के अधिकारियों ने किया। साथ ही पूर्व मंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

अगले हफ्ते छत्तीसगढ़ आएंगे राहुल गांधी, सीएम भूपेश बघेल ने दिया न्यौता

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से लगभग साढ़े तीन घंटे मुलाकात करने के बाद देर शाम बाहर निकले। इस दौरान पत्रकारों के पूछे गये सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से मेरी छत्तीसगढ़ के संदर्भ में चर्चाएं हुई है। मैंने राहुल गांधी से छत्तीसगढ़ आने का आग्रह किया है जिस पर उन्होंने सहमति जताते हुए अगले सप्ताह छत्तीसगढ़ आने की सहमति दी है। उन्होंने यह भी कहा कि मैंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के तौर पर राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ आमंत्रित किया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में चल रहे सियासी उठापटक के बीच कल 50 से ज्यादा विधायक दिल्ली पहुंचे थे जिन्हें राहुल गांधी ने चर्चा के लिए आमंत्रित किया था वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शुक्रवार सुबह विशेष विमान से दिल्ली रवाना हुए थे।

खेती करने वाले किसान से लेकर भूमिहीन श्रमिक सबके लिए योजनाएं बना रही सरकार-उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल

» मंत्री पटेल ने किया विभिन्न गांवों का दौरा

रायगढ़ । उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने आज रायगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 15 लाख से अधिक के कार्यों का लोकार्पण किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण परिवेश को ध्यान में रखकर तैयार की गयी योजनाएं आज लोगों की दशा-दिशा बदलने का काम कर रही है। लोगों को स्वावलंबन की नयी राहें मिली हैं। खेती करने वाले किसान से लेकर भूमिहीन श्रमिक तक सबके विकास को ध्यान में रख योजनाएं बनाई जा रही हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान सहित अन्य फसलों की अधिक कीमत मिली। आदिवासी अंचलों के निवासियों के आजीविका का मुख्य स्त्रोत वनोपज के भी समर्थन मूल्य में खरीदी के दायरे को विस्तार देकर कीमतों में वृद्धि की गयी। जिसका लाभ वनवासी परिवारों को मिल रहा है। आज गौठान केवल पशुधन के संरक्षण व संवर्धन तक ही सीमित नही है बल्कि आजीविका केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं जिसे गोधन न्याय योजना के माध्यम से और मजबूती मिली है। यहां कार्यरत महिला समूहों को काम के साथ अतिरिक्त आय का जरिया मिला है।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण जरूरतों के मुताबिक अधोसंरचनात्मक विकास कार्य भी तेजी से कराए जा रहे हैं। जामपाली में प्राथमिक स्कूल के जर्जर भवन के उन्नयन हेतु 15 लाख रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है, वहां निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। इसी तरह मुक्तिधाम के लिए स्वीकृति दे दी गई है। आज क्षेत्र में 4 सरकारी कालेज की सौगात मिल चुकी है। 4 रेलवे क्रासिंग में ओव्हर ब्रिज की सुविधा मिलने जा रही है। जिसमें दो में कार्य चल रहे है, एक की स्वीकृति मिल गई है और एक में शीघ्र स्वीकृति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद होता है। जिससे उनकी मांग और समस्याओं को रूबरू हो कर जानने का मौका मिलता है। इससे आगे होने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाने में मदद मिलती है। इस दौरान विभिन्न ग्रामवसियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम ग्राम-उसरौट में 15 लाख रुपये की लागत से शास.हाई स्कूल में पुस्तकालय एवं विज्ञान कक्ष तथा सामुदायिक भवन तथा ग्राम पंचायत कोसमपाली में 75 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित पानी टंकी निर्माण का लोकार्पण किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पटेल, जनपद सदस्य गीता चौहान, बीडीसी लक्ष्मण पटेल, किरोड़ीमल नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रा, ग्राम पंचायत कोसमपाली के सरपंच-श्रीमती अनुसुईया उरांव, ग्राम-बनहर के सरपंच देवशंकर सिदार, कांशीचुआ के सरपंच-राजू पटेल, ग्राम-उसरौट के सरपंच-तारिणी प्रसाद पटेल, उप सरपंच विकास दर्शन, उप सरपंच-भोजराम पटेल, पूर्व उपसरपंच माधव डनसेना, उप सरपंच सरिता चौहान, एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

दहेज में रुपये नही मिलने पर महिला को किया प्रताड़ित,पति व सास,ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। दहेज में 4 लाख नही मिलने पर गर्भवती महिला को घर से निकाल दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने महिला के पति,सास व ससुर के खिलाफ धारा 498 ए ,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बहादुरगंज वार्ड 21 कवर्धा निवासी कविता साहू 30 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि उसका विवाह जून 2018 में हिन्दु रीति रिवाज के अनुसार वार्ड क्रमांक 35 दुर्गानगर बीरगांव जिला रायपुर निवासी से हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही पति व उसके सास ,ससुर व्यापार बढ़ाने के लिए मायके से 4 लाख रुपये मांगने का दबाव बनाने लगे। लेकिन पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने घर वालों को नही दी। रुपये लाने मना करने पर पति व सास-ससुर उसके साथ बीच-बीच में मारपीट करने लगे। 2019 में गर्भवती होने पर वह मायके चली गई जहां एक बेटे को जन्म दिया। पीड़िता के पिता द्वारा बार-बार निवेदन करने पर करीब 2 साल बाद उसका पति घर ले गया। लेकिन 2-4 दिन बाद पुनःदहेज में रुपये लाने की बात कहकर उसके पति व ससुरालियों ने मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ना देकर मारपीट शुरु कर दी। जिसके बाद वह पुलिस का सहारा लिया व डॉयल 112 पर कॉल कर मामले की जानकारी दी तथा लिखित आवेदन महिला सेल को दी। काऊसिलिंग व जांच के बाद महिला के पति राजेन्द्र साहू 30 वर्ष ,सास 52 वर्ष एवं ससुर 55 वर्ष के खिलाफ उरला थाने में अपराध पंजीबद्ध कर दहेज प्रताड़ना में अपराध पंजीबद्ध की गई है।

गोधन न्याय योजना बना ग्रामीणों की आय का नया जरिया

» कोरिया में अब तक 5.34 करोड़ रुपए से अधिक का हुआ भुगतान,

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आसपास उपलब्ध संसाधनों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना से गांवों मे आर्थिक समृद्धि आ रही है। गोधन न्याय योजना से राज्य में अब तक 100 करोड़ रूपए की गोबर खरीदी हो चुकी है। कई हितग्राहियों ने इससे पैसे कमाकर अपने सपनों को पूरा किया। राज्य के हर कोने से मिल रही सफलता की कहानी इस योजना की हकीकत बयां करती है।

गोधन न्याय योजना से स्वसहायता समूहों और भूमिहीन लोगों को भी आय का नया जरिया मिला है। कोरिया जिले में भी गोधन न्याय योजना के उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। कोरिया जिले में गोधन न्याय योजना प्रारंभ होने की तिथि से अब तक 2 लाख 33 हजार 903 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है। और विक्रेताओं को इसके लिए 5 करोड़ 34 लाख 49 हजार 915 रूपये का भुगतान किया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए 7 हजार 275 गोबर विक्रेताओं ने पंजीयन करवाया और नियमित रूप से गोबर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। गौठानों के लिए स्वीकृत 3 हजार 201 वर्मी कंपोस्ट टैंक में से 3 हजार 141 वर्मी कंपोस्ट टैंक पूर्ण कर लिये गये हैं। यहां वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन कर विक्रय किया जा रहा है। साथ ही आजीविकमूलक गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। जिसका सीधा लाभ महिला स्व सहायता समूह के सदस्य महिलाओं को मिल रहा है। गांव में ही जैविक खाद उपलब्ध होने से किसानों का रुझान जैविक खेती की तरफ बढ़ा है। जैविक खाद से पौष्टिक उत्पाद और भूमि की उर्वरा लंबे समय तक सुरक्षित रहती है।

लघु वनोपजों के संग्रहण में मॉडल राज्य के रूप में उभरा छत्तीसगढ़

» देश में सर्वाधिक 11 पुरस्कारों से छत्तीसगढ़ को केन्द्रीय मंत्री द्वारा नवाजा गया

» आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ.टेकाम ने ग्रहण किया पुरस्कार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ लघु वनोपजों के संग्रहण, प्रसंस्करण तथा विपणन के क्षेत्र में एक माडल राज्य के रूप में तेजी से उभर रहा है। इस तारतम्य में भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किए जा रहे कार्यो के लिए 9 विभिन्न उपवर्गो तथा अन्य कार्यो के लिए 02 उपवर्गो सहित कुल 11 पुरस्कारों से छत्तीसगढ़ को विगत 6 अगस्त को वर्चुअल रूप से पुरस्कृत किया था।

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुण्डा द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज मंत्रालय महानदी भवन स्थित समिति कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आदिम जाति कल्याण, सहकारिता तथा स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम को उक्त पुरस्कार के तहत ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्य की सराहना की और देश में छत्तीसगढ़ को प्राप्त सर्वोधिक 11 पुरस्कारों के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री मुण्डा ने कहा कि वनांचल में निवासरत आदिवासी-वनवासी लोगों की आय के लिए लघु वनोपजों का संग्रहण एक महत्वपूर्ण साधन होता है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ में बेहतर ढंग से कार्य करते हुए लघु वनोपजों को और अधिक मूल्यवान बना दिया गया है तथा यहां के लघु वनोपज संग्राहकों को इसका अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा रहा है, यह सराहनीय है। कार्यक्रम को आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ.टेकाम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आदिवासी-वनवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं, जो इनके जीवन में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ अब लघु वनोपजों के संग्रहण के मामले में देश का अब्बल राज्य बन गया है।

नक्सलियों ने गोमपाड़ मुठभेड़ को फर्जी बताया

सुकमा (आरएनएस)। नक्सलियों की कोन्टा एरिया कमेटी के सचिव मंगडू ने प्रेस नोट जारी कर बीते 24 अगस्त को गोमपाड़ कन्हाईगुड़ा इलाके में हुए मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए अपने निहत्थे साथियों को रात में घर से ले जा कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

प्रेस नोट में लिखा है कि पिछले 24 अगस्त को कोन्टा ब्लॉक के बटेर गांव के एक घर में सो रहे जन मिलिसिया के हमारे दो निहत्थे साथियों कवासी हुंगा निवासी बटेर एवं सोयम बजार उर्फ़ मंगेश निवासी गोमपाड़ को अल सुबह तीन बजे डीआरजी सीआरपीएफ और कोबरा की संयुक्त टीम द्वारा पकड़कर अमानवीय यातनाएं देकर बंडा पंचायत कन्हाईगुड़ा के पास गोली मारकर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया है। मंगडू ने प्रेस नोट में अपील किया है कि पुरे घटनाक्रम की जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाई जाए वहीं आगे उन्होने लिखा है कि हमारी पार्टी पीएलजीए और जनताना सरकार को 2022 मई तक खत्म करने के लक्ष्य के तहत झूठी मुठभेड़ और हत्याओं को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

दुर्ग-गोंदिया मेमू, गोंदिया-इतवारी मेमू और झारसुगुड़ा-गोंदिया स्पेशल ट्रेनें 3 दिन रद्द रहेगी

» मुसरा-बाकल-राजनांदगांव के बीच ऑटो सिंग्नलिंग (नॉन इंटरलोकिंग) का कार्य किया जायेगा

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत मुसरा-बाकल- राजनांदगांव के बीच ऑटो सिंग्नलिंग (नॉन इंटरलोकिंग) का कार्य के कारण दुर्ग-गोंदिया मेमू, गोंदिय इतवारी मेमू स्पेशल और झारसुगुड़ा-गोंदिया-झारसुगुड़ा स्पेशल ट्रेन 3 दिन रद्द रहेगी, वहीं कुछ गाड़ियों को नियंत्रित कर चलाया जायेगा।

रेल मंडल रायपुर के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत मुसरा-बाकल- राजनांदगांव के बीच ऑटो सिंग्नलिंग (नॉन इंटरलोकिंग) का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 28, 29 एवं 30 अगस्त को दुर्ग एवं गोंदिया से चलने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू / 08743 गोंदिया-इतवारी मेमू स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। वहीं 27, 28 एवं 29 अगस्त को गोंदिया एवं दुर्ग से चलने वाली 08744 इतवारी-गोंदिया/ 08742 गोंदिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। इसी प्रकार 27, 28 एवं 29 अगस्त को झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। 28, 29 एवं 30 अगस्त को गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।

इसके अलावा कुछ गाड़ियों को नियंत्रित कर चलाया जाएगा। इनमें क्रमशः 27, 28 एवं 29 अगस्त, 2021 को गाड़ी संख्या 08705 रायपुर डोंगरगढ़ मेमू दुर्ग में समाप्त होगी यह गाड़ी दुर्ग डोंगरगढ़ के मध्य रद्द रहेगी। 27, 28 एवं 29 अगस्त, 2021 को गाड़ी संख्या 08706 डोंगरगढ़- रायपुर मेमू दुर्ग से प्रारंभ होगी यह गाड़ी डोंगरगढ़- दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी। 27, 28 एवं 29 अगस्त, 2021 को गाड़ी संख्या 08709 रायपुर -डोंगरगढ़ मेमू दुर्ग में समाप्त होगी यह गाड़ी दुर्ग डोंगरगढ़ के मध्य रद्द रहेगी। 28, 29 एवं 30 अगस्त, 2021 को गाड़ी संख्या 08710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू दुर्ग से प्रारंभ होगी यह गाड़ी डोंगरगढ़- दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैल करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जन जातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सक्षम योजना से नफीसा के मजबूत हुए हाथ

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना में अपने पति को खो बैठी नफीसा खातून ने कभी सोचा भी नहीं था कि बेसहारा होने के बाद उन्हें शासन की कल्याणकारी योजना से जुड़कर जिंदगी को फिर से संवारने का मौका मिलेगा। कोरोना महामारी में अपने पति खो चुकी नफीसा को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सक्षम योजना का लाभ मिल गया है। बुरे वक्त से गुजर रही नफीसा की भी इच्छा है कि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके और आने वाले दिनों में अपने मासूम बच्चे का भविष्य बना सके।

कोरोना महामारी से प्रभावित प्रभावित परिवारों का सर्वे के दौरान जब नफीसा खातून के बारे में जानकारी लगी तो जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से अपना पति खो चुकी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सक्षम योजना के लाभ बताकर ऋण राशि प्रदाय की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम दतिमा विकासखंड सूरजपुर की निवासी नफीसा खातून को भी जिला प्रशासन की पहल पर सहयोग मिला है। वह बताती हैं कि पति बिजली मिस्त्री का काम करते थे। कोरोना महामारी के कारण पति सिवतैन रजा की मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के बाद वह बेसहारा हो गई। उसका 4 साल का बेटा भी है। ऐसे विपरीत समय मे महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम जब सर्वे के दौरान नफीसा खातून के पास पहुंची और उसकी आपबीती सुनी तो उन्हें ढांढस बांधते हुए सक्षम योजना का लाभ बताया। नफीसा अपने पैर में खड़ा होना चाहती थी। उन्होंने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए तत्काल फार्म भरकर योजना का लाभ लेना चाहा। आखिरकार योजना की स्वीकृति के पश्चात उन्हें कलेक्टर के हाथों 1 लाख रुपए की ऋण राशि प्रदान किया गया। यहीं नहीं उसके बच्चे को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना महतारी दुलार योजना के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने आवेदन पत्र भराया गया है। सक्षम योजना की राशि से नफीसा खातून अपने छोटे भाई के सहयोग से हाट बाजारों में कपड़े का व्यवसाय करती हैं, जिससे एक माह में ही 16 हजार तक का लाभ प्राप्त कर चुकी हैं। नफीसा ने विपरीत समय में जिला प्रशासन के सहयोग की तारीफ करते हुए सक्षम योजना से राशि प्रदान करने के लिए शासन का भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि स्व-रोजगार के लिए राशि मिलने के बाद वह अपना और अपने बेटे के आगे का भविष्य तैयार कर पाएगी।